यश विद्या मंदिर

विद्यालय आख्या

(24/03/2022 TO 30/04/2022)

1. शिक्षक ओरिएंटेशन गतिविधि ओजपूर्ण संकल्पों एवं कार्ययोजनाओं के साथ संपन्न हुई। सभी विभाग ने संपूर्ण सत्र के लिए SCOT,KRA with action plan से NEP को जोड़कर प्रस्तुतिकरण किया। विशेष बात यह रही कि सभी ने IT का इस्तेमाल करके PPT द्वारा प्रस्तुतिकरण किया। यह देखकर मन को अत्यंत हर्ष व संतोष हुआ कि कोरोना काल में सीखे गये IT ज्ञान को शिक्षक वर्ग नियमित प्रयोग में ला रहा है।
2. 4^{th} April से बच्चों के लिए विद्यालय सत्र 2022-23 शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया हेतु खुला। हम सभी बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे थे। शिक्षक समूह ने पूरे प्रांगण को साज-सज्जा के साथ तैयार किया था तथा स्वागत गीत गाकर बच्चों को प्रांगण से आत्मिक जुड़ाव विकसित किया। जितने भी नये शिक्षक व नव प्रवेश वाले बच्चे थे सभी का मंच पर बुलाकर अभिनंदन किया गया। पूरा वातावरण प्रेरणाप्रद,प्रसन्न एवं उर्जा से ओतप्रोत था।
3. नई बिल्डिंग का प्रथम दिवस उद्घाटन किया गया। बच्चों के लिए नया भवन का मिलना हर्ष व उत्सुकता का विषय रहा। प्रबंध तंत्र को बच्चों ने हृदस से आभार व्यक्त किया।
4. नवनियुक्ति शिक्षकों का Induction प्रारंभ हो चुका है उनको विद्यालय की दिनचर्या व नियमावलि से परिचित कराया गया तथा Buddy alot किया गया।
5. JBA व यश विद्या मंदिर के नवनियुक्त सदस्यों का भ्रमण कराय गया। जिसके अंतर्गत विस्तार से सभी ने विद्यालय व कार्यप्रणाली संबंधी जानकारी प्राप्त की।
6. अनुजा मैम द्वारा हेड ऑफिस में ''वार्षिक परियोजना'' संबंधी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी नवनियुक्त सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।
7. XII की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंतर्गत व्यवसायिक अध्ययन,एकाउंटेंसी,अर्थशास्त्र,इतिहास,भूगोल,फिजिक्स व बॉयलोजी की परीक्षायें सुचारू रूप से संपन्न हुई।
8. Prasoon Sir द्वारा एक बार पुनः सभी शिक्षक समूह को ERP system संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।
9. खेलकूद का प्रातः कालीन प्रशिक्षण प्रांरभ किया गया। खो-खो,वालीबॉल,टी.टी.व एथलेटिक्स में बच्चे अभ्यास कर रहें है।
10. अंबेडकर जयंती पर XII ने भावंजलि प्रस्तुत की।
11. प्रथम सोमचार टेस्ट सभी कक्षाओं में पूरी तैयारी से लिया गया जो कि पूर्व ज्ञान पर आधारित था,बेसिक अवधारणाओं पर आधारित प्रश्नों का बच्चों ने उत्तर दिया। जिसका विश्लेषण करके शिक्षक समूह ने आगामी कक्षाओं की योजना साझा की।
12. JBS से Class-II के सभी वर्गों ने **"Local Game"** का अनुभव बच्चों के साथ समूह में प्राप्त किया जिसमें राजकुमारी मैम,शिवेन्द्र सर व कक्षाध्यापिकाओं ने पूर्ण रोचक तैयारी से गतिविधि संपन्न कराई।
13. मेरे द्वारा Class XII-D में प्रेरणा कक्षा ली गयी,जिसका शीर्षक ''स्कूल जीवन'' एवं ''हमारा अनुभव'' था। बच्चों ने AEP के अंतर्गत इस शीर्षक पर वार्तालाप के माध्यम को साझा किया।
14. जिला स्तरीय TT प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया विजय हासिल करते हुए प्रतियोगिता के अगले चरण में पहुँचे जिसका आयोजन 2 May को होना है।
15. CBSE के तत्वाधान में आयोजित Term-II बोर्ड परीक्षा का ऑनलाइन प्रशिक्षण कराया गया जिसमें 9^{th} to 12^{th} तक सभी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।
16. सत्र 2022-23 में होने वाले वार्षिक परियोजना कार्य (VI-VIII) के शीर्षकों का चयन किया गया जो क्रमशः केला,देसी आम,चक उत्पाद,निशा बाबा का कुँआ,पारंपरिक आहार एवं उपकरण तथा स्थानीय त्यौहारों में परिक्रमा है।
17. Class X & XII की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हुई। अंग्रेजी शिक्षक,कालेन्द्र सर तथा मेरे द्वारा केन्द्र पर पहुँच कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।
18. विद्यालय प्रांगण में Display का कार्य पूर्ण हुआ। कतिपय सुधार सभी के साथ साझा किये गये।
19. मधुलिका मैम द्वारा Quiz Club के प्रशिक्षण का अगला चरण पूर्ण किया गया जिसमें तीनों Quiz Club के प्रभारी ने प्रतिभाग किया।
20. Sharing of the best practices में Class II to V तक की शिक्षिकाओं ने सहभाग किया। गृहकार्य संबंधी प्रस्तुति कुलजीत मैम व बीना मैम द्वारा प्रभावी ढंग से की गयी।
21. डिस्प्ले संबंधी कार्य का पुनः निरीक्षण किया गया।
22. Class X B के साथ अनुशासन एवं व्यवहार पर मेरे द्वारा कक्षा ली गयी। बच्चो ने अपशब्दों को लेकर अपनी मुखर अभिव्यक्ति दी साथ ही संकल्प लिया तथा आत्मबोध के साथ कार्ड प्रदान किया।
23. छात्र परिषद चुनाव व शपथ ग्रहण पूर्ण व्यवस्था व गरिमा के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सरायरासी ग्राम के अत्यंत परिवर्तनकारी व्यक्तित्व एवं ग्राम प्रधान श्री रणधीर सिंह ''लल्ला'' ने ओजपूर्ण शपथ दिलाई। 6 कमेटी में 8-8 सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज की इसके अतिरिक्त सदन कैप्टन व उपकैप्टन ने शपथ ली। कुल 48 सदस्यों की शानदार छात्र परिषद का गठन हुआ।

भावी कार्यक्रम -

- यश कला निकेतन का शुभारंभ
- Class X & XII की ग्रीष्मावकाश में अतिरिक्त कक्षायें
- Spoken English की कक्षाओं का निर्वारण
- आत्म रक्षा संबंधी कक्षायें